08/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

16वें वित्त आयोग की एक टीम वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर है। वरिष्ठ सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू के नेतृत्व में टीम ने आज ईटानगर में राज्य सरकार और विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें और चर्चा की। एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, श्रीमती मैथ्यू ने कहा कि आयोग ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन बैठक की हैं। अरुणाचल सरकार ने आयोग को एक व्यापक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कई प्रमुख मांगों को रेखांकित किया गया है। इनमें वर्टिकल टैक्स को मौजूदा 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 47 प्रतिशत और होरिज़ोंटल डेवोलुशन को 1.75 से बढ़ाकर 3 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि राज्य ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण और पूर्वोत्तर हिमालयी राज्यों के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा बहाल करने का भी अनुरोध किया है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने आवास पर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस प्रमुख योजना के अप्रैल 2015 में शुभारंभ के दस वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को बधाई दी और बताया कि किस प्रकार इस योजना ने सपनों को हकीकत में बदलकर जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इस पहल ने उन लोगों को सशक्त बनाया है जिन्हें पहले नजरअंदाज किया गया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण लाभार्थियों में से 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं और उनमें से लगभग आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 20 लाख रुपये तक का जमानत-मुक्त ऋण प्रदान करती है।

0000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, ईटानगर पुलिस ने कल सिविल सचिवालय से एक संदिग्ध ड्रग सप्लायर को पकड़ा और बड़ी मात्रा में संदिग्ध हेरोइन जब्त की। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। मादक पदार्थ की सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, एसडीपीओ केंगो दिर्ची के नेतृत्व में एक पुलिस दल द्वारा एसपी ईटानगर रोहित राजबीर सिंह की देखरेख में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत सुरक्षा और संवेदनशील सरकारी क्षेत्रों में भी ड्रग आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के लिए ईटानगर पुलिस की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

0000000000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल वर्चुअली आयोजित उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक के दौरान पूर्वोत्तर भारत में कृषि और बागवानी विकास के लिए एक व्यापक रणनीति प्रस्तुत की। दिसंबर 2024 में पूर्वोत्तर परिषद के 72वें पूर्ण अधिवेशन में लिए गए निर्णयों के बाद इस साल जनवरी में गठित कृषि और बागवानी पर एचएलटीएफ ने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग को संयोजक और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं को एक साथ एक मंच प्रदान किया। टास्क फोर्स के सदस्य के रूप में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए श्री वांगसू ने कृषि विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उनके एक प्रमुख सिफारिश राज्य-विशिष्ट दृष्टिकोणों के बजाय "पूर्वोत्तर-केंद्रित कोल्ड चेन तंत्र" की स्थापना थी।

000000000000000000000000

तवांग विधायक नामगे त्सेरिंग द्वारा आज ग्याल्वा त्सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्टेडियम, तवांग में छात्रों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बहुप्रतीक्षित डिस्ट्रिक्ट लेवेल इंटर स्कूल मीट के दूसरे संस्करण का भव्यता उद्घाटन किया गया। डीडीएसई तवांग और उनकी टीम की पहल पर आयोजित इस मीट में जिले भर के 43 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के 1000 छात्र शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में तवांग उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, सार्वजनिक नेता, शिक्षक और छात्र मौजूद रहें। अपने संबोधन में विधायक ने छात्रों के बीच प्रतिभा, सौहार्द और समग्र विकास को बढ़ावा देने वाले मंच बनाने में शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपने निजी संसाधनों से 2 लाख रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देने की घोषणा भी की। उन्होंने युवा प्रतिभागियों से अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह करते हुए छात्रों से नशीली दवाओं से दूर रहने की अपील भी की।

0000000000000000000000000

नामसाई विधायक एवं आरडब्ल्यूडी, खेल और युवा मामलों के मंत्री के सलाहकार, चाउ जिग्नू नामचूम ने आज सेपा जनरल ग्राउंड में दिवंगत राशो यांगदा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के 10वें संस्करण का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, विधायक ने अपने दिवंगत नेता को खेल आयोजन के साथ याद करने के लिए आयोजकों की प्रशंसा की और युवाओं को सशक्त बनाने में अयोजन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को समाज की रीढ़ बताते हुए उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और उनसे जिम्मेदार नागरिक बनने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया।

0000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कुपोषण से निपटने के लिए सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के तहत आज से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण का शुभारंभ किया। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख थीम पर जोर दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य कुपोषण से निपटने, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने के अपने मिशन को जारी रखता है।

0000000000000000000